
# शिलांग ले जाकर पत्नी ने पति को दे दिया जहर

- इंदौर के वकील को पहाड़ से धक्का देने की कोशिश
- घर से जेवर-नकदी लेकर प्रेमी संग भागी लुटेरी दुल्हन



**इंदौर.** शहर में एक सनसनीखेज मामले का खुलासा हुआ है, जिसमें एक महिला ने खुद को तलाकशुदा बताकर एक वकील से विवाह किया और अपने प्रेमी को सगा भाई बताकर घर में प्रवेश दिला दिया. बाद में पति को शिलांग ले जाकर कथित तौर पर जहर देकर हत्या का प्रयास किया. समय रहते पीड़ित के सतर्क हो जाने से साजिश नाकाम हो गई.खुड़ैल पुलिस के अनुसार, फरियादी पेशे से वकील हैं. उन्होंने उत्तर प्रदेश निवासी नीलिमा सेंगर का प्रोफाइल एक मैट्रिमोनियल वेबसाइट पर देखा था. बातचीत के बाद दोनों ने विवाह कर लिया. शादी के कुछ समय बाद शुभम सेंगर उर्फ गुप्ता नामक युवक का घर आना-जाना शुरू हुआ, जिसे महिला ने अपना भाई बताया. पीड़ित ने पुलिस को बताया कि कुछ समय बाद पत्नी घूमने के बहाने उन्हें शिलांग ले गई, वहां भोजन में कथित रूप से संदिग्ध पदार्थ मिलाने से उनकी तबीयत बिगड़ गई और खून की उल्टियां होने लगीं. आरोप है कि सुनसान क्षेत्र में ले जाकर खाई में धक्का देने की योजना भी बनाई गई थी, ताकि घटना को दुर्घटना दर्शाया जा सके.

### संदेह होने पर जांच कराई तो पोल खुल गई

संदेह होने पर वकील ने महिला की पृष्ठभूमि की जांच करवाई. कोर्ट से प्राप्त पूर्व तलाक संबंधी दस्तावेजों में उल्लेख मिला कि शुभम उसका सगा भाई नहीं, बल्कि प्रेमी है. साथ ही यह भी सामने आया कि शुभम का वास्तविक उपनाम 'गुप्ता' है, न कि 'सेंगर'. सच्चाई सामने आते ही महिला घर से लाखों रुपए के जेवरात समेटकर फरार हो गई. पीड़ित का दावा है कि फोन पर हुई बातचीत में महिला ने शुभम के साथ अपने संबंध स्वीकार किए. खुड़ैल पुलिस ने आरोपी नीलिमा और उसके साथी शुभम गुप्ता के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है. दोनों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमों को सक्रिय किया है.

# बिस्किट कंपनी में करोड़ों की वित्तीय गड़बड़ी, डायरेक्टर गिरफ्तार

## बोर्ड की बिना अनुमति निर्णय लेने और अधिकारों के दुरुपयोग का मामला

**इंदौर. बाणगंगा पुलिस ने जीआरवी बिस्किट प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर संजय कलवानी को धोखाधड़ी के आरोप में गिरफ्तार किया है. आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे दो दिन की पुलिस रिमांड पर सौंपा गया है.**

पुलिस के मुताबिक, यह कार्रवाई कंपनी के शेयर होल्डर दिनेश मनवानी की शिकायत पर की गई. शिकायत में बताया गया है कि कंपनी में कुल छह सदस्य हैं, जिनमें दो डायरेक्टर और चार शेयरधारक शामिल हैं. कंपनी के नियमों के अनुसार सभी महत्वपूर्ण और वित्तीय फैसले बोर्ड की सामूहिक सहमति से ही लिए जाने अनिवार्य हैं. आरोप है कि डायरेक्टर संजय कलवानी ने अन्य सदस्यों को जानकारी दिए बिना तथा उनकी मंजूरी के अभाव में कंपनी के अधिकृत बोर्ड रिजोल्यूशन का कथित रूप से दुरुपयोग किया.

### रिमांड अवधि में पुलिस कर रही पूछताछ

शिकायतकर्ता का दावा है कि इसी आधार पर वित्तीय निर्णय लेकर कंपनी को नुकसान पहुंचाया गया. पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर दस्तावेजों की जांच शुरू कर दी है. रिमांड अवधि के दौरान आरोपी से वित्तीय लेन-देन और निर्णय प्रक्रिया से जुड़े पहलुओं पर पूछताछ की जा रही है.

# अब आसमान से रखेंगे नजर : ड्रोन कैमरों से होगी ट्रैफिक निगरानी

- रॉन्ग साइड, नो-पार्किंग और लेफ्ट टर्न बाधित करने वालों पर तुरंत की जाएगी चालानी कार्रवाई

**इंदौर.** शहर में यातायात व्यवस्था को अधिक सुरक्षित और सुचारू बनाने के लिए पुलिस ने अब ड्रोन तकनीक के माध्यम से डिजिटल पेट्रोलिंग शुरू कर दी है. 19 फरवरी से लागू इस व्यवस्था के तहत व्यस्त चौराहों और प्रमुख मार्गों पर हाई-रेजोल्यूशन कैमरों से सतत निगरानी की जा रही है.

पुलिस कंट्रोल रूम से ड्रोन के जरिए पलासिया, गीता भवन, इंद्रप्रस्थ चौराहा, इंडस्ट्री हाउस, आनंद बाजार, रीगल सहित आसपास के मार्गों की मॉनिटरिंग की गई. निगरानी के दौरान रॉन्ग साइड वाहन चलाने, नो-पार्किंग में गाड़ी खड़ी करने, लेफ्ट टर्न बाधित करने और दुकानों के सामने भीड़ लगाकर यातायात प्रभावित करने वालों को चिन्हित किया. संबंधित स्थानों पर तैनात पुलिस बल को सूचना देकर मौके पर ही चालानी कार्रवाई कराई गई.

### बाधा बन रहे ठेले और अन्य अवरोध भी हटवाए

कार्रवाई के दौरान सड़क पर यातायात में बाधा बन रहे ठेले और अन्य अवरोध भी हटवाए गए. पुलिस अधिकारियों के अनुसार, इस तकनीक से जाम की स्थिति में बेहतर नियंत्रण, दुर्घटना की दशा में त्वरित प्रतिक्रिया और रात के समय भी प्रभावी निगरानी संभव हो सकेगी. पुलिस का कहना है कि ड्रोन फुटेज के आधार पर ई-चालान की प्रक्रिया भी की जाएगी. नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई है, ताकि शहर में सुरक्षित और व्यवस्थित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके.

# नो-पार्किंग पर सख्ती : चार जोन में विशेष पेट्रोलिंग, लगातार चालानी कार्रवाई

- समझाइश के बाद भी उल्लंघन पर व्हील लॉक व क्रेन से कार्रवाई

**इंदौर. शहर में अव्यवस्थित पार्किंग पर अंकुश लगाने के लिए यातायात पुलिस ने चारों जोन में विशेष पेट्रोलिंग टीमें सक्रिय कर दी हैं. पुलिस आयुक्त के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त व पुलिस उपायुक्त ( यातायात ) के निर्देशन में गठित इन टीमों ने व्यस्त मार्गों और बाजार क्षेत्रों में सतत भ्रमण कर नो-पार्किंग के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई शुरू कर दी है.**




पुलिस के अनुसार, अभियान का उद्देश्य मुख्य सड़कों, बाजारों और यातायात दबाव वाले क्षेत्रों में अवैध पार्किंग को नियंत्रित कर आवागमन को सुगम बनाना है. निर्धारित क्षेत्रों में पेट्रोलिंग के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई. पेट्रोलिंग के दौरान टीमों ने पीए सिस्टम, बॉडी वॉर्न कैमरा, क्रेन, व्हील लॉक और पीओएस मशीन की मदद से कार्रवाई की. पहले वाहन चालकों को समझाइश देकर निर्धारित पार्किंग स्थल उपयोग करने की चेतावनी दी गई. इसके बाद भी उल्लंघन जारी रहने पर वाहनों में व्हील लॉक लगाकर अथवा क्रेन से हटाकर चालान बनाया गया. अधिकारियों का दावा है कि निरंतर कार्रवाई से कई इलाकों में यातायात व्यवस्था पहले की तुलना में अधिक व्यवस्थित हुई है और आमजन को राहत मिली है. पुलिस ने स्पष्ट किया है कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा तथा अन्य क्षेत्रों में भी विशेष पेट्रोलिंग कर सख्ती बरती जाएगी.

### इन क्षेत्रों में रही विशेष निगरानी...

जोन 1 : कालानी नगर से बड़ा गणपति होते हुए गौराकुंड तक, जोन 2 : मालवा मिल, पाटनीपुरा से भमोरी और रसोमा क्षेत्र, जोन-3- पलासिया, गीताभवन, व्हाइट चर्च, मनोरमा गंज से कृषि कॉलेज तक, जोन-4- राजवाड़ा, सराफा, कपड़ा बाजार, खजूरी बाजार से भंवरकुआ टॉवर चौराहा तक.

## एक नजर में

### 1 मार्च को प्रजा का हाल जानने निकलेंगे श्री रामभक्त हनुमान



**इंदौर.** अपने मनमोहक श्रृंगार से देश भर में विख्यात सुभाष चौक स्थित सिद्ध श्री रामभक्त हनुमान मंदिर की भव्य प्रभातफेरी प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव के एक दिन पूर्व 1 अप्रैल 2026 को हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ निकाली जाएगी. मंदिर के मुख्य पुजारी जीतू गुरु ने बताया कि यात्रा की तैयारियों का शुभारंभ महाशिवरात्रि महापर्व से ही कर दिया है. भक्त मंडल पूर्ण उत्साह एवं समर्पण के साथ इसे भव्य एवं दिव्य स्वरूप प्रदान करने में निरंतर सक्रिय है. प्रभातफेरी श्रीरामभक्त हनुमान मंदिर, सुभाष चौक से प्रारंभ होकर वनखंडी मंदिर, महालक्ष्मी मंदिर (राजवाड़ा), बांके बिहारी मंदिर, गोपाल मंदिर, पिपली बाजार, बर्तन बाजार, बजाज खाना, सांठा बाजार, शीतला माता बाजार, जानकीनाथ मंदिर (गोराकुंड), खजूरी बाजार, यशोदा माता मंदिर होते हुए पुन: श्रीरामभक्त हनुमान मंदिर पहुंचेगी. उन्होंने बताया कि वृंदावन की टीम रथ की साज सज्जा करेगी, प्रभातफेरी में भजन मंडली एवं कीर्तन मंडली, सुसज्जित बग्घी, बैंड-बाजे तथा ढोल-ताशा के साथ बड़ी संख्या में श्री हनुमान भक्त शामिल होंगे.

### विकास यादव को मिली कांग्रेस आईटी सेल की बड़ी जवाबदारी



**महू.** मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार इंदौर जिले की महू विधानसभा में कांग्रेस आईटी सेल अध्यक्ष के पद पर विकास यादव को जवाबदारी दी गई है. विकास यादव ने हाल ही में अपने साथियों सहित एक अन्य राजनीतिक दल को छोड़कर कांग्रेस का दामन थामा था. कुछ ही समय में उनकी कार्यशैली एवं मजबूत टीम के चलते उन्हें यह बड़ी जवाबदारी दी गई है. उनकी नियुक्ति पर महू विधानसभा प्रभारी दीपक सिंह दंडीर, कन्हैया लाल ठाकुर, रुक्मणी निनामा, शक्ति सिंह गोयल, जीतू ठाकुर, विजेंद्र सिंह चौहान, कैलाश दत्त पांडे, मुजीब कुरैशी, कपिल सोलंकी, अजय वर्मा, डॉ. अजय सिंह धनावत, पप्पू खान, आनंद गोगलिया, अमित अग्रवाल, अजहर नूर, शिखा अमित अग्रवाल, शमा खान, गोविंद शर्मा, अरशद खान, अतुल जैन, कालू मामा, हरिराम जलवानिया, अल-अमन खान, ओम पटेल, मुदस्सर खान एवं अन्य साथियों सहित हाल ही में वार्ड अध्यक्ष बने विकास कौशल, आमिर खान, जगमोहन सोन, दीपक अग्रवाल, शुभम जैन आदि कांग्रेसजनो ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं.

### सुनील खरे पश्चिम बंगाल जनता कांग्रेस सह प्रभारी नियुक्त



**महू.** लगभग छह वर्ष बाद पुन: जनता कांग्रेस में वापस हुए सुनील खरे को जनता कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राय ने महासचिव अमित वर्मा की अनुशंसा से प. बंगाल का सहप्रभारी नियुक्त किया है. गौरतलब है कि सुनील खरे कुछ वर्ष पूर्व कांग्रेस में चले गए थे. कुछ समय वे आम आदमी पार्टी में भी रहे. लेकिन पुन: अब जनता कांग्रेस में घर वापसी पर उन्होंने कहा कि देश में अब तीसरे मोर्चे की स्पष्ट लहर दिखाई दे रही है एवं जनता कांग्रेस बंगाल में ममता बैनर्जी के पक्ष में चुनावी रण में उतरने को कटिबद्ध है, जिसकी घोषणाएं प्रभारी सेवक बैनर्जी एवं प्रदेश अध्यक्ष बंगाल अम्बरीक चक्रवर्ती द्वारा की जाएंगी. खरे शीघ्र ही प. बंगाल रवाना होंगे. उनकी नियुक्ति पर अमित वर्मा, भावना संगेलिया, अमित गोगलिया, शुभम खरे, बबलू कुमार, बंटू सिंह आदि ने हर्ष व्यक्त कर बधाई दी है.

### भोपाल पंख मेराथन में 10 हजार जंप करके 10 किमी दौड़ेंगे इंदर सिंह



**महू.** कल 22 फरवरी को भोपाल में होने वाली पंख मेराथन दौड़ में भाग लेने के लिए महू से स्वामी रामदेव के शिष्य योगाचार्य व धावक 69 वर्षीय इंदर सिंह भोपाल के लिए रवाना हुए. वे इस मैराथन में 10 हजार बार जम्प करके 10 किमी मेराथन में भाग लेंगे. पंख मेराथन में उनका यह तीसरा साल है. वे तिरंगा झंडा हाथ में लेकर दौड़ते हैं, तो कई लोग व बच्चे उनके हाथ फोटो लेते हैं. इंदर सिंह का उद्देश्य है युवा पीढ़ी खेल, दौड़ व योग से जुड़कर स्वस्थ्य जीवन जीना सीखे.

# 1.917 किलो गांजा के साथ एक युवक गिरफ्तार

**इंदौर.** भंवरकुआं पुलिस ने देर रात कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैध मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया है. आरोपी के कब्जे से करीब दो किलो गांजा जब्त किया है.

पुलिस के अनुसार देर रात करीब 8.50 बजे रिंग रोड स्थित प्रतीक्षा ढाबे के पास खाली मैदान में घेराबंदी की गई. संदेह के आधार पर पकड़े गए युवक की तलाशी लेने पर उसके पास से 1 किलो 917 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ. आरोपी की पहचान 32 वर्षीय भरत वर्मा पिता हल्केराम वर्मा, मूल निवासी ग्राम ललोई तहसील खुरई जिला सागर एवं वर्तमान निवासी मकान नंबर 12 नानक नगर रिंग रोड, थाना भंवरकुआं इंदौर के रूप में हुई है. भंवरकुआं पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है.

**नाबालिग से मारपीट :** तेजाजी नगर थाना क्षेत्र के न्यू रानी बाग इलाके में 17 वर्षीय किशोर के साथ मारपीट का मामला सामने आया है. पुलिस ने पीड़ित की शिकायत और प्रस्तुत वीडियो साक्ष्य के आधार पर प्रकरण दर्ज कर लिया है. 17 वर्षीय रूद्रप्रताप दांगी पिता ओमप्रकाश दांगी ने शिकायत दर्ज कराई कि लोका पिपल सैलून के सामने, न्यू रानी बाग खंडवा रोड क्षेत्र में पप्पल उर्फ हर्षदीप भाटिया निवासी न्यू रानी बाग ने उसके साथ मारपीट की. घटना के संबंध में साक्षी आदर्श पाल, शुभ सदावना और लाभ सदावना के कथन लिए हैं. फरियादी द्वारा घटनाक्रम से संबंधित एक पेन ड्राइव भी पुलिस को सौंपी गई, जिसकी पुष्टि के बाद केस दर्ज कर लिया गया.

# पुलिस ने अल्प्राजोलम की बड़ी खेप पकड़ी, दो आरोपी गिरफ्तार

- 1200 गोलियां और बाइक जब्त, नेटवर्क खंगालने की जा रही पूछताछ



**इंदौर.** शहर में अवैध नशीली दवाओं के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत खजराना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 1200 अल्प्राजोलम टैबलेट के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है. आरोपियों के कब्जे से एक मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है.




जब्त माल की कीमत करीब 96 हजार रुपए आंकी गई है.

कार्रवाई खजराना थाना क्षेत्र के स्कीम नंबर 134 स्थित स्टार चौराहे के पास खाली मैदान में की गई. पुलिस टीम को देख दो संदिग्ध युवक भागने लगे, जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया. तलाशी में उनके पास से प्रतिबंधित अल्प्राजोलम की 1200 गोलियां बरामद हुईं. पूछताछ में वे इनके खरीदी-बिक्री संबंधी कोई वैध दस्तावेज पेश नहीं कर सके. पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों में अकरम उर्फ चिटकु उम्र 28 साल निवासी इलियास कॉलोनी, खजराना तथा साहिल उम्र 23 साल निवासी गणेश नगर, खंडवा नाका शामिल हैं.

### खुद भी नशे के आदी हैं आरोपी

प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे नशे के आदी हैं और सस्ते दामों पर गोलियां खरीदकर अन्य नशेड़ियों को महंगे दामों पर बेचते थे, जिससे अपनी लत पूरी कर सकें. मामले में खजराना पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है. पुलिस अब आरोपियों से रिमांड पर पूछताछ कर यह पता लगाने में जुटी है कि अवैध दवाओं की आपूर्ति कहां से हो रही थी और इस नेटवर्क में और कौन-कौन शामिल है. वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में की गई इस कार्रवाई में थाना प्रभारी मनोज सिंह सेंधव सहित टीम के अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों की अहम भूमिका रही. थाना प्रभारी का कहना है कि शहर में अवैध मादक पदार्थों के कारोबार पर लगातार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी.

# रमजान-होली से पहले पुलिस ने की सख्ती, 5 बदमाश जिलाबदर

- 11 को थाने में हाजिरी के आदेश

इंदौर. आगामी रमजान और होली पर्व को देखते हुए शहर में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है. पुलिस कमिश्नर ने अलग-अलग मामलों में संलिप्त पांच बदमाशों को जिलाबदर करने के आदेश जारी किए हैं.

जिन आरोपियों को शहर की सीमा से बाहर रहने के निर्देश दिए गए हैं, उनमें जावेद मेव, विशाल सितारे, गणेश उर्फ टेम्पू मराठा, अतीत बौरासी और अर्जुन भाट शामिल हैं. इनमें से कुछ को एक वर्ष तथा कुछ को छह माह के लिए इंदौर जिला और आसपास की सीमाओं से दूर रहने का आदेश दिया गया है. सभी को तत्काल प्रभाव से शहर छोड़ने के निर्देश दिए हैं. आदेश का उल्लंघन करने पर कठोर वैधानिक कार्रवाई की चेतावनी दी गई है. इसके अतिरिक्त पुलिस ने संभावित शांति भंग की आशंका के चलते 11 अन्य व्यक्तियों को संबंधित थानों में नियमित हाजिरी देने के लिए पाबंद किया है. इनमें अरशद मेव, गोविंद गुप्ता, रूद्ध गुप्ता, पवन चौरसिया, निषार्थ प्रजापत, अकरण उर्फ अम्मी, चंदन जाटव, भारत कंजर, अमन पाल, धीरज और संतोष ठाकुर के नाम शामिल हैं.




## होटल मेरियट में देर रात तक बज रहा था डीजे, उपकरण जब्त

**इंदौर. शहर में शादी एवं पार्टियों में निर्धारित समय-सीमा के बाद तेज ध्वनि में साउंड सिस्टम संचालन पर रोक के निर्देशों के तहत विजय नगर पुलिस ने होटल मेरियट में आयोजित एक समारोह पर कार्रवाई की है.**

विजय नगर थाना क्षेत्र स्थित होटल मेरियट के ग्राउंड में आयोजित विवाह समारोह में देर रात तेज आवाज में साउंड सिस्टम चलने की सूचना मिली थी। थाना प्रभारी चंद्रकांत पटेल के नेतृत्व में गठित टीम ने मौके पर पहुंचकर संचालन में उपयोग किए जा रहे उपकरण जब्त कर लिए. कार्यवाही के दौरान इवेंट संचालक मौके पर उपस्थित नहीं मिला. बाद में उसे थाने बुलाकर प्रकरण दर्ज किया गया हैं.

## सीसीटीवी कैमरों की दिशा बदलकर की चोरी

इंदौर. सदर बाजार थाना क्षेत्र में अज्ञात बदमाश ने सूने मकान को निशाना बनाते हुए चोरी की वारदात को अंजाम दिया. आरोपी घर की गैलरी से भीतर घुसा और वारदात से पहले सीसीटीवी कैमरों की दिशा बदल दी, ताकि उसकी गतिविधियां रिकॉर्ड न हो सकें.

पुलिस के मुताबिक 44 वर्षीय गौरव कश्यप निवासी 129, सदर बाजार हनुमान मंदिर के पास ने शिकायत दर्ज कराई है कि कोई अज्ञात व्यक्ति उनके घर में गैलरी के रास्ते दाखिल हुआ. आरोपी ने पहले घर में लगे सीसीटीवी कैमरों का एंगल घुमा दिया और इसके बाद सोने की चेन चोरी कर फरार हो गया. मामले में सदर बाजार पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और अज्ञात आरोपी की तलाश की जा रही है.

## एक नजर में

**नो पॉर्किंग में खड़े 100 से अधिक वाहनों को क्रेन से उठाया**

# बिगड़ैल यातायात व्यवस्था सुधारने ट्रैफिक पुलिस ने लागू की जीरो टॉलरेंस की नीति

**इंदौर. शहर में बढ़ती वाहनों की संख्या और बिगड़ेल यातायात व्यवस्था पर नियंत्रण के लिए यातायात पुलिस ने जीरो टॉलरेंस की नीति लागू कर दी है, नियम तोड़ने वालों के खिलाफ अब सख्त कार्रवाई की जा रही है.**



महानगरों की तर्ज पर शहर के 42 चिन्हित वन-वे मार्गों पर रांग साइड वाहन चलाने वालों के विरुद्ध सीधे एफआईआर दर्ज की जा रही है. पुलिस का कहना है कि बार-बार चेतावनी के बाद भी नियमों की अनदेखी करने वालों को अब बख्शा नहीं जाएगा. राजवाड़ा, सराफा और एमजी रोड जैसे प्रमुख बाजार क्षेत्रों में क्लीन स्वीप अभियान चलाकर अवैध रूप से खड़े 100 से अधिक वाहनों को क्रेन से उठाकर जब्त किया गया. इस कार्रवाई के साथ ही पुलिस ने व्यापारियों को ग्राहकों के लिए उचित पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं. विजय नगर पलासिया और भंवरकुआं चौराहों पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें एक ही दिन में हजार से अधिक बिना हेलमेट चालान काटे गए. 17 बार नियम तोड़ने वाले वाहनों को मौके पर ही राजसात करने की कार्रवाई भी की गई. पुलिस अधिकारियों के अनुसार यातायात व्यवस्था सुधारने और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा.

### यह बोले नागरिक...



केवल चालान नहीं, बल्कि स्थायी व्यवस्था जरूरी है. प्रमुख चौराहों पर स्मार्ट सिग्नल, सीसीटीवी निगरानी और सख्त वन-वे पालन से अव्यवस्था कम होगी. साथ ही सार्वजनिक परिवहन को मजबूत करना भी समय की मांग है.

**- मनोहर कुमार**



ट्रैफिक व्यवस्था तभी सुधरेगी, जब नागरिक भी जिम्मेदारी निभाएं. हेलमेट अनिवार्यता निर्धारित पार्किंग और रांग साइड पर पूर्ण रोक के साथ स्कूल-कॉलेजों में जागरूकता अभियान चलाए जाएं, ताकि नियम पालन आदत बने मजबूरी नहीं.

**- मुन्ना कुन्हारे**



बढ़ते वाहनों को देखते हुए वैकल्पिक मार्गों का विकास मल्टीलेवल पार्किंग और अतिक्रमण हटाने की नियमित कार्रवाई आवश्यक है. तकनीक आधारित ई-चालान प्रणाली और बार-बार उल्लंघन पर कड़ी दंड व्यवस्था से यातायात अनुशासन मजबूत होगा.

**- वहीद शेख**